साप्ताहिक
# नीमच हेडलाइंस

डाक पंजीयन क्रमांक मंदसौर 407/2025-27
पंजीयन क्रमांक- MPHIN/2018/76962

"महानता कभी न गिरने में नहीं है, बल्कि हर बार गिरकर उठ जाने में है."

अंचल का तेज़ी से बढ़ता न्यूज़ नेटवर्क...

संस्थापक- स्व.इंद्रदेव जी जाजपुरा | प्रधान सम्पादक - अविनाश जाजपुरा | साप्ताहिक समाचार पत्र,एप्प, वेब पोर्टल और न्यूज़ चैनल

वर्ष - 08 | अंक- 09 | नीमच, बुधवार 20 से 26 अगस्त 2025 तक | कुल पृष्ठ - 08 | मूल्य - ५ रू

# सुनील V/S सुनील की जोड़ी ने खपाया लाखो का मादक पदार्थ सीबीएन ओर नारकोटिक्स विंग के दलाल बनकर किया कई मासूमो का शिकार

## नशे के विरुद्ध लड़ाई बनी केवल मजाक, हाल ही में किया एक मासूम को लाखों से ढेर

डेस्क- नीमच हेडलाइंस

**नीमच**। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के क्षेत्र में सीबीएन, विंग और पुलिस के दलालों ने मासूम और बेबस लोगों को फसाने का लिया ठेका, बिना लाइसेंस के हथियार रखने वाले यह दलाल कार्यवाही होने के 5 से 10 मिनट के अंदर मौके पर पहुंचकर सेटलमेंट करवाने लग जाते हैं। आखिर इन लोगो को कैसे पता चलता है कि कार्यवाही हुई है। यह रहस्य आज भी बना हुआ है। सबसे बड़ी बात पुलिस के अन्य अधिकारियों और मीडिया को जानकारी लगने से पहले यह दलाल सक्रिय होकर वहां पहुंच जाते हैं। ऐसे में लाखों रुपए के तोड़ कर बहुत ही कम समय में इन लोगों ने अच्छी खासी पूंजी अर्जित कर ली। यही नहीं लंबे समय से यह दलाल खुद ही तस्करों को अवैध मादक पदार्थ सप्लाई करते आ रहे हैं जिसका हवाला ये खुद खुलकर कह रहे है। आखिर कौन है ऐसे अधिकारी जिन्होंने ऐसा दलालों के दम पर इकट्ठी की काली कमाई और खुद व्यापारी बनकर मादक पदार्थ तस्करी के टारगेट को किया पूरा। आप जानकर हैरान होंगे कि यह एक लाबी है जो तस्करो ओर पुलिस दोनों के साथ मिलकर एक दूसरे को अटकाने का काम करती है। लगभग




10 से 15 लोग जो हमेशा पुलिस, सीबीएन ओर नारकोटिक्स विंग की कार्यवाही के दौरान अगले 5 से 10 मिनट के अंदर मौके पर पहुंच जाते हैं और इनका खेल शुरू हो जाता है सामने वाले को डराना धमकाना और यहां तक की यह पुलिसिंग का काम भी करना चालू कर देते हैं इन्होंने नीमच मंदसौर जिले में कई लोगों को खुद व्यापारी बनकर फसाया है कई मासूम लोग जो जेलो में आज भी बंद है वह ऐसे ही 10-15 लोगों की मेहरबानी का नतीजा है। इनमें से कुछ लोग ऐसे हैं जो आज से लगभग चार-पांच पहले कुछ भी नहीं थे परंतु आज उनके पास लाखों की बेनामी संपत्तिया हो गई है। मजे की बात यह लोग दिनभर नारकोटिक्स विंग भी सीबीएन के चक्कर लगाते हुए मिल जाएंगे। सूत्रों की माने तो यह कुछ अधिकारियों के मुंह लगे हुए हैं जिसकी वजह से यह अपने आप को पुलिस अफसर से काम नहीं समझते।

### सुनील V/S सुनील की जोड़ी ने 33 लाख में निपटाया स्थानीय किसान को :-

विंग ओर सीबीएन के दलालों में सुनील वर्सेस सुनील का नाम बड़े ही जोर से चलता है यह आपने ऐशो आराम की पूर्ति के लिए आए दिन लोगों को टारगेट बनाकर अवैध वसूली करते आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार हाल ही में लगभग 2 से 3 माह पूर्व हुई एक कार्यवाही में किसान के बाड़े से महज 100 मीटर की दूरी पर कुंडे की अफीम का झूठा प्रकरण बनाकर इन लोगों ने उस मासूम किसान से 33 लाख रुपए की अवैध वसूली कर ली। मामला यहां पर रुका नहीं पहले किसान को डराया धमकाया गया फिर जीरन के रास्ते होते हुए नयागांव बार्डर तक किसान को गाड़ी में बिठाकर धमकाते रहे इस दौरान नीमच के बाईपास के चक्कर लगाकर सौदा पक्का कर पैसे हथिया लिए।

### फोन कॉल के दौरान खुद दलालों ने कबूल किया कि वह लंबे समय से मादक पदार्थ सप्लाई करते आ रहे हैं :-

जब इस मामले की गंभीरता को देखते हुए नीमच हैडलाइंस टीम ने ऐसे दलालो से फोन पर बात की तो नशे में इन दलालों ने पूरी कहानी तोते की तरह रट दी और बता दिया कि वह खुद सालों से मादक पदार्थो का व्यापार करते आ रहे हैं। यहां तक की इन लोगों ने कई बार नशे की खेप की ट्रकें भी भरी है।

**विशेष** :- जिले में मादक पदार्थों की आड़ में मासूम और बेबस लोगों को फंसाकर लाखों करोड़ों की बेनामी संपत्ति बनाने वाले ऐसे दलालो ओर उनसे संबंधित अधिकारियों के खुलासे होंगे, अगली बार कॉल रिकॉर्डिंग में हुए हर एक वाकये की जानकारी प्रमाणिकता के साथ प्रकाशित की जाएगी।

**पढ़ते रहे नीमच हेड लाइंस।**

### कॉल रिकार्डिंग में मिलेगा पूरा कच्चा चिट्ठा :-

दलालो कि यह गैंग जिसको दोस्त बनाती है उन्ही की पीठ में छुरा भोक कर उन्हें दर - दर की ठोकरे खाने पर मजबूर कर देते हैं। अगर सुनील वर्सेस सुनील की कॉल डिटेल निकाली जाए तो कई ऐसे अधिकारी हैं जो इनसे सीधे जुड़े हुए हैं और तस्करो के साथ भी इनके सम्बंध निकलकर सामने आ सकते है। कुछ अधिकारियों और इन दलालों की कॉल डिटेल अगर वरिष्ठ अधिकारी निकाले तो इस पूरे से सिंडिकेट का खुलासा बड़ी ही आसानी से हो जाएगा।



# उपराष्ट्रपति चुनावः आंध्र प्रदेश से विपक्ष के उम्मीदवार, चंद्रबाबू नायडू किसे देंगे समर्थन? सहयोगी का बड़ा दावा

**दिल्ली** बीजेपी के सहयोगी और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने दावा किया कि आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू की पार्टी उपराष्ट्रपति चुनाव में NDA के पक्ष में मतदान करेगी. अठावले ने कहा कि विपक्ष ने आंध्र प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले बी सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू की पार्टी बी सुदर्शन रेड्डी रेड्डी को सपोर्ट करेगी ऐसा उन्हें नहीं लगता. 9 सितंबर को चुनाव होना है.

### चंद्रबाबू नायडू के सभी सांसद हमारे साथ रहेंगे- अठावले

बुधवार (20 अगस्त) को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रामदास अठावले ने कहा, "चंद्रबाबू नायडू की पार्टी हमारे NDA और सरकार में हैं. उनके मंत्री भी हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चंद्रबाबू नायडू के नजदीकी संबंध हैं. TDP उन्हें (विपक्ष के उम्मीदवार) सपोर्ट करेगी, ऐसी अफवाहें हैं. इस अफवाह में बिल्कुल सत्य नहीं है. चंद्रबाबू नायडू के सभी सांसद हमारे साथ रहेंगे. सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रति चुनने में पूरी मदद करेंगे, ऐसा हमको पूरा विश्वास है."

### उपराष्ट्रपति का चुनाव निर्विरोध होना चाहिए था- अठावले

इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री अठावले ने कहा, "मुझे लगता है कि चुनाव तो निर्विरोध होना चाहिए था. लेकिन विरोधी दलों ने अपना कैंडिडेट खड़ा किया. हमारे पास क्लियर मेजॉरिटी है. हमारी कैंडिडेट सीपी राधाकृष्णन जीतने वाले हैं."

### NDA के उम्मीदवार ने भरा नामांकन


NDA के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को नामांकन भरा. प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और सीनियर नेताओं की मौजूदगी में उन्होंने नॉमिनेशन दाखिल किया.

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने सुबह जन सुनवाई के दौरान खुद पर हुए हमले पर पहली प्रतिक्रिया दी

**दिल्ली** की सीएम रेखा गुप्ता ने बुधवार (20 अगस्त) की सुबह जन सुनवाई के दौरान खुद पर हुए हमले पर पहली प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि आज सुबह जनसुनवाई के दौरान मेरे ऊपर हुआ हमला केवल मेरे ऊपर नहीं, बल्कि दिल्ली की सेवा और जनता की भलाई के हमारे संकल्प पर किया गया एक कायराना प्रयास है. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्वभाविक है कि इस हमले के बाद मैं सदमे में थी, परन्तु अब बेहतर महसूस कर रही हूं. मैं अपने सभी शुभचिंतकों से निवेदन करती हूं कि कृपया मुझसे मिलने के लिए परेशान न हों. मैं बहुत जल्द ही आपके बीच काम करती हुई दिखाई दूंगी.

### जनता की सेवा के संकल्प को कभी नहीं तोड़ सकते- सीएम

सीएम ने आगे कहा, "ऐसे हमले मेरे हौसले और जनता की सेवा के संकल्प को कभी तोड़ नहीं सकते. अब मैं पहले से कहीं अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ आपके बीच रहूंगी. जनसुनवाई और जनता की समस्याओं का समाधान पहले की तरह ही गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगा.



आपका विश्वास और समर्थन ही मेरी सबसे बड़ी ताक़त है. आपके अपार स्नेह, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करती हूं."

### सीएम पर सवा आठ बजे के करीब हमला हुआ

आरोपी को जन सुनवाई में मौजूद लोगों ने पकड़ लिया
बाद में आरोपी राजेश को पुलिस ने हिरासत में ले लिया
पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है
आरोपी ने सीएम आवास की रेकी की
कांग्रेस-आप ने हमले की निंदा की
आरोपी का रहा है आपराधिक इतिहास
गुजरात में उस पर चाकू से हमला करने सहित पांच मामलों में मुकदमे दर्ज हैं

### हत्या की कोशिश का केस दर्ज

सीएम पर हुए हमले के मामले में दिल्ली पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है. आरोपी का नाम सकरिया राजेशभाई खिमजीभाई है जो गुजरात का रहने वाला है. पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और पूछताछ जारी है. पुलिस के मुताबिक, सीएम पर हमला बुधवार की सुबह करीब सवा आठ बजे हुआ.

### सीसीटीवी फुजेट में रेकी करता दिखा आरोपी

एक सीसीटीवी फुजेट भी सामने आया है जिसमें आरोपी मुख्यमंत्री आवास की ओर जाते हुए दिख रहा है. वीडियो में आरोपी रेकी करते, मुख्यमंत्री आवास का वीडियो बनाते और बाद में हमला करने की कोशिश करते हुए दिख रहा है.

### आरोपी की मां ने क्या कहा?

इस बीच, आरोपी की मां भानुबेन सकारिया ने दावा किया कि उनका बेटा किसी भी राजनीतिक दल से नहीं जुड़ा है और आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ एक प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली गया था. मां का दावा है कि बेटे को कुत्तों से बेहद प्यारा है. आरोपी की मां ने कहा, ''वह पशु प्रेमी है. उसे कुत्तों, गायों और पक्षियों से बहुत प्यार है. इसीलिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के सभी आवारा कुत्तों को पकड़ने के आदेश के बाद वह परेशान था.''

## नवीन विचारों से नव भारत का निर्माण" उत्कृष्ट विद्यालय में इंस्पायर मानक 2025 आइडियाज अपलोड हेतु मार्गदर्शन कार्यशाला सम्पन्न हुई



**रतलाम** इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आगर-मालवा के नवाचारी शिक्षक शैलेन्द्र कसेरा, अध्यक्ष सुभाष कुमावत (प्राचार्य, उत्कृष्ट उमावि रतलाम), विशेष अतिथि अशोक लोढ़ा (एडीपीसी रतलाम), जिला परियोजना समन्वयक धर्मेन्द्र सिंह हाड़ा एवं योजना अधिकारी सह जिला विज्ञान अधिकारी जितेंद्र जोशी, श्रवण भावसार उपस्थित रहे। अशोक लोढ़ा ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि विज्ञान केवल यंत्रों और प्रयोगशालाओं का खेल नहीं, बल्कि यह जीवन का सुगम पथ प्रदर्शक है। जल की एक बूँद बचाना, वायु को प्रदूषण से मुक्त करना, सूर्य की ऊर्जा से घर रोशन करना कृ ये सब नवाचार के बीज हैं, जो कल हरे-भरे वृक्ष बनकर समाज को छाया और फल देंगे। इंस्पायर अवार्ड जैसी योजनाएँ छात्रों की कल्पना को उड़ान और विचारों को पंख प्रदान करती हैं, जिससे वे "राष्ट्र निर्माण के रथ के सारथी" बनते हैं। विगत 5 वर्षों में जिले का प्रदर्शन राज्य स्तर पर अद्वितीय रहा है। "हमें विद्यार्थियों को मात्र मॉडल निर्माण की ओर नहीं, बल्कि जीवनोपयोगी एवं नवीन विचारों की खोज हेतु प्रेरित करना है, क्योंकि आविष्कार आवश्यकता की कोख में ही जन्म लेता है।" ग्लोबल इनोवेशन फाउंडेशन के कॉर्डिनेटर शैलेंद्र कसेरा कहा कृ "हमारे उद्देश्य का केन्द्र कोई प्रयोगशाला का प्रयोग नहीं, बल्कि ऐसे विचारों का सृजन है जो जीवन को सहज और सरल बना सकें।" उन्होंने अपने तीन विचारों को राष्ट्रीय पटल तक पहुँचाने की प्रेरणादायक गाथा सुनाई, जो छात्रों के लिए आशा का दीप और सफलता का मार्ग है। कसेरा ने अपने उद्बोधन में कहा की बच्चों में इनोवेशन और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए अनबॉक्स आइडिया थिंकिंगपर कार्य करना होगा, इस वर्कशॉप का उद्देश्य इस सत्र में होने वाली इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता के साथ साथ बच्चो में इनोवेशन के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए किया गया। शैलेन्द्र कसेरा के द्वारा इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता के चयन संबंधी सभी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि आज भी हर रोज ऊपयोग में आने वाले कई उपकरणों में कई प्रकार के नवाचार और सुधार की आवश्यकता होती है।

## कलेक्टर ने की जनसुनवाई-85 आवेदकों की सुनी समस्याएं



**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए -85 आवेदकों की सुनी समस्याएं और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड़, श्री बी.एस.कलेश, सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में बरूखेडा के पिंटु माली, आमली भाट के पपु बंजारा, जीरन के मुकेश कुमार, नीमच के राजेश लालवानी, सुवाखेड़ा के चंचल यादव, आंत्री बुजुर्ग के हीरालाल, उपरेडा की वंदना पंवार, हतुनिया के बद्रीलाल, खेडादारू की सागरबाई, मालखेड़ा के महेश, चंगेरा की राकेश कुंवर, कुण्डला के नरेन्द्र सिंह, बासखेड़ी की गुड्डीबाई, ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर, अपनी समस्याएं सुनाई। इसी तरह जनमौद की प्रेरणा, नीमच सिटी के कशिश राठौर, मेलकी मेवाड़ की देउबाई, शिक्षक नगर नीमच के अन्वेष जैन, जेतपुरा की प्रेमबाई, केलूखेड़ा के बालुराम, देहपुर क निर्मलदास, धनेरिया के अभिमन्यु गोयल, बोलखेड़ा चंदर, माताका खेड़ा की निलम बाई, मानपुरा के देवीलाल, तेलनखेड़ी के भेरूलाल, भरभडिया के गोपाल मेघवाल, सावन के प्रकाश मोगिया, डीकेन के पुरूषोत्तम दास ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए। जिस पर कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

# माटी गणेश पर्यावरण संरक्षण की अद्वितीय पहल : गिरिराज सिंह चौहान

### प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण और माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यशाला आयोजित





**नीमच।** प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी एवं जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा विकासखण्ड स्तरीय प्रस्फुटन समितियों के सक्रीयकरण प्रशिक्षण एवं माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यशाल का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में किया गया। मुख्य अतिथि गायत्री परिवार के जिला प्रमुख श्री गिरिराज सिंह चौहान एवं प्रशिक्षक श्री यशवंत प्रजापति एवं सुश्री हर्षिता सोनी ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। जिला समन्वयक वीरेन्द्र सिंह ठाकुर ने स्वागत उदबोधन देकर कार्यशाला आयोजन के महत्व से सभी को अवगत कराया। श्री गिरीराज सिंह चौहान ने कहा कि जन अभियान परिषद हमेशा अभिनव पहल के लिए जाना जाता है वह निरंतर कुछ ना कुछ नवीन समाज को देता है इसी क्रम में माटी गणेश की अवधारणा भी बहुत प्रसंसनीय है जो पर्यावरण संरक्षण की अद्वितीय पहल है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर माटी गणेश अभियान के तहत हम आस्थावान होते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु मिट्टी के गणेश का निर्माण कर लोगों को जागरूक करें कि अपने घरों में और आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में मिट्टी से गणेश निर्माण कर उनकी पूजा करें व ग्राम स्तरीय प्रस्फुटन समितियां भी समाज के विकास में अपनी भूमिका निभा रही है। कार्यशाला में मिट्टी से गणेश जी की मूर्ति का निर्माण का प्रशिक्षण श्री यशवंत प्रजापति एवं सुश्री हर्षिता सोनी द्वारा दिया गया एवं सभी प्रतिभागियों द्वारा स्वयं भी मिट्टी के गणेश जी बनाये गये। कार्यशाला में प्रस्फुटन समितियों के निर्माण संबंधी, नवांकुर सखियों को जो बीज रोपण हेतु दिए गए हैं उनके लालन-पालन संबंधी, माटी से गणेश निर्माण संबंधी और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम साथ ही जन अभियान परिषद की कार्य पद्धति, कार्यशैली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला का संचालन लेखापाल पवन कुमरावत ने किया आभार प्रदर्शन ताराचंद पाईवाल ने किया।

## अपर कलेक्टर बी.एस. कलेश ने नीमच में पदभार संभाला



**नीमच।** राज्य शासन द्वारा अपर कलेक्टर श्री बी.एस.कलेश को नीमच में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया गया है। एडीएम श्री बी.एस. कलेश ने सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय नीमच में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है,वे जिला खरगोन से स्थानांतरित होकर नीमच पदस्थ हुए हैं।

## मंत्रि-परिषद ने म.प्र. लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 का किया अनुमोदन

**नीमच :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 का अनुमोदन किया गया है। अनुमोदन अनुसार आरक्षित वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर उनके हितों को संरक्षित किया गया है। अनुसूचित जनजाति के लिये 20% एवं अनुसूचित जाति के लिये 16% आरक्षण का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोकसेवकों को भी मेरिट के आधार पर पदोन्नति प्राप्त करने का अवसर दिया गया है। वर्तमान वर्ष में ही आगामी वर्ष की रिक्तियों के लिए पदोन्नति समिति की बैठक कर चयन सूची बनाये जाने का प्रावधान किया गया है, अर्थात अग्रिम डी.पी.सी. के प्रावधान किये गये है। पदोन्नति के सूत्र में वरिष्ठता का पर्याप्त ध्यान रखा गया है। वरिष्ठ लोक सेवकों में से मेरिट के अनुसार न्यूनतम अंक लाने वाले लोक सेवक पदोन्नति के लिए पात्र होंगे, प्रथम श्रेणी के लोक सेवकों के लिए merit cum seniority का प्रावधान किया गया है। पदोन्नति के सूत्र में कार्यदक्षता को प्रोत्साहित किया जाना लक्षित है, पदोन्नति के लिए अपात्रता का स्पष्ट निर्धारण किया गया है। किन परिस्थितियों में कोई लोक सेवक अपात्र होगा एवं दण्ड का क्या प्रभाव होगा यह स्पष्ट रूप से लेख किया गया है। किसी भी विभागीय पदोन्नति समिति बैठक के सन्दर्भ में निर्णय के पुनर्विलोकन के लिए रिव्यू डी.पी.सी. की बैठक आयोजित किये जाने के लिये स्पष्ट प्रावधान किये गये है। नवीन पदोन्नति नियमो में परिभ्रमण की व्यवस्था समाप्त की गई है।

## दर्पण पोर्टल से भुगतान सहित पेयजल सप्लाई को सुचारू संचालन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया

**रतलाम** म.प्र. जल निगम द्वारा क्रियान्वित गुणावद समूह जल प्रदाय योजना-ब्लाक रतलाम मे सम्मिलित ग्रामों के सरपंच/सचिव/वाल्व ऑपरेटर का प्रशिक्षण, श्री निर्देशक शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रबंधक जनसहभागिता एवं एसक्यूसी टीम द्वारा पंचायत/वाल्व ऑपरेटर के दायित्व, जल प्रभार, पंचायत दर्पण पोर्टल से भुगतान सहित संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंदसौर हेलीपैड आगमन पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया आत्मीय स्वागत



**मंदसौर :** मंदसौर की धरती आज एक बार फिर गौरव से भर उठी, जब प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हेलिपैड पर आगमन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के चेहरे पर आत्मीयता और उत्साह का भाव झलक उठा। स्वागत करने वालों में विशेष रूप से लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, गरोठ विधायक श्री चंदर सिंह सिसोदिया, श्री राजेश दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मनुप्रिया विनीत यादव, पूर्व विधायक श्री देवी लाल धाकड़, श्री विजय अटवाल, श्री नानालाल अटोलिया, श्री मदन लाल राठौर, श्री मुकेश काला सहित अनेक जनप्रतिनिधि स्वागत में शामिल हुए। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, एएसपी श्री बघेल, एसडीएम श्री शिवलाल शाक्य एवं अन्य अधिकारी भी स्वागत में शामिल हुए। पत्रकार बंधुओं और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति ने इस अवसर को और अधिक भव्य एवं गरिमामय बना दिया।

## चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नीमच** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नीमच श्री संजीव साहू द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग 6(4) के तहत एक पीड़ित परिवार को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई हैं। एसडीएम नीमच द्वारा चड़ौली निवासी विहर्ष उर्फ हर्ष पिता अर्जुन की 18 मई 2025 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर मृतक के वारिश अर्जुन पिता रामसिंह को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई हैं। तहसीलदार नीमच द्वारा पीड़ित परिवार का आर्थिक सहायता का प्रकरण तैयार कर, एसडीएम नीमच को प्रस्तुत किया गया था।

### डिप्टी कलेक्टर सुश्री आर्ची हरित को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग-रतलाम शहर

**रतलाम** शासन द्वारा संयुक्त कलेक्टर श्री अनिल भाना जिला रतलाम को भू-प्रबंधन अधिकारी जिला रतलाम के पद पर पदस्थ किये जाने पर कलेक्टर श्री राजेश बाथम द्वारा श्री अनिल भाना को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग-रतलाम (शहर) जिला (राजस्व) अनुभाग-रतलाम (शहर)।

# देवरी खवासा में 87 हेक्टेयर में विकसित किया जा रहा है नवीन औद्योगिक क्षेत्र- चंद्रा

## सगराना में भी बनेगा नवीन औद्योगिक क्षेत्र




**नीमच** जिले में नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकास के प्रस्ताव पर चर्चा के लिए उद्योग विभाग द्वारा कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में उद्योग संघ, मण्डी व्यापारियों, जिले के उद्योगपतियों, लघु उद्योग भारती संघ के पदाधिकारियों और जिला अधिकारियों की बैठक सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, महाप्रबंधक उद्योग श्रीमती योगिता भटनागर, श्री अशोक कोठारी, श्री नंदकिशोर पाटीदार, श्री नवल मित्तल, श्री रमेश कदम, श्री प्रवीण सिंहल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में महाप्रबंधक उद्योग श्रीमती भटनागर ने बताया, कि सगराना में 28 हेक्टेयर में फर्नीचर क्लस्टर विकसित किया जा रहा है। इसमें 150 ईकाईयाँ स्थापित होगी। इनमें चार हजार लोगो का रोजगार सृजन होने की संभावना है। इसके अलावा सगराना में 57 हेक्टेयर भूमि और उपलब्ध है। जिस पर नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाना प्रस्तावित है। इस नवीन प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न आकार के 110 भूखण्ड विकसित किए जावेंगे। सीमांकन के पश्चात नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकास की आगामी कार्यवाही की जावेगी। उद्योग संघ के श्री अशोक कोठारी, श्री प्रवीण सिंहल एवं श्री खण्डेलवाल ने नवीन औद्योगिक क्षेत्र में कोल्डस्टोरेज व सार्टेक्स ईकाईयों को भी भूखण्ड आवंटन करने का सुझाव दिया। श्री रमेश कदम ने नवीन झांझरवाड़ा औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक ईकाईयों को अपनी स्वयं की जल व्यवस्था के लिए जल स्त्रोत विकसित करने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया। उद्योगपतियों ने नीमच के औद्योगिक क्षेत्र की विद्युत लाईन (फीडर) को पृथक करवाने का सुझाव दिया।बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने कहा , कि देवरी खवासा में एम.पी.आई.डी.सी. द्वारा 87 हेक्टेयर में टेक्सटाईल पार्क के लिए नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। जहाँ बिजली, पानी की भी पर्याप्त व्यवस्था की जावेगी। कलेक्टर ने देवरी खवासा औद्योगिक क्षेत्र में भी नवीन उद्योग लगाने का आव्हान किया। उद्योग संघ ने अपनी विभिन्न मांगो के संबंध में एक मांग पत्र भी कलेक्टर को प्रस्तुत किया।

# मुख्यमंत्री डॉ यादव बाबा श्री महाकालेश्वर की राजसी सवारी के उपलक्ष्य में आयोजित भंडारे में सम्मिलित हुए



**उज्जैन** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सोमवार दोपहर राजसी सवारी में सम्मिलित हुए। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ यादव हरिफाटक ब्रिज के नीचे राजसी सवारी के लिए देश के विभिन्न प्रांतो से आए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आायोजित भोजन वितरण भंडारे में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने श्रद्धालुओं को भोजन वितरण किया।

# बीड़ी और खनन श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई में सरकार देगी सहयोग, ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

## राज्य सरकार देगी 1,000 से 25,000 रुपये तक की छात्रवृत्ति



**नीमच**। शैक्षणिक सत्र-2025-26 के लिए शिक्षा के लिये वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत मान्यता प्राप्त शिक्षण-संस्थाओं में अध्ययनरत प्रदेश के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाट और लौह-मैग्रीज-क्रोम अयस्क खनन श्रमिक एवं उनके पुत्र-पुत्रियों को शिक्षा के लिये कक्षा एक से उच्च शिक्षा तक छात्रवृत्ति की राशि रूपये 1000/- से 25000/- स्वीकृत की गई है। योजनांतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिये पात्र विद्यार्थियों के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (https://scholarships.gov.in) पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया दिनांक-02.06.2025 से प्रारम्भ हो चुकी है। इसकी अंतिम तिथि प्री. मेट्रिक के लिये 31 अगस्त 2025 एवं पोस्ट मेट्रिक के लिये 31 अक्टूबर 2025 निर्धारित है। छात्रवृत्ति के लिये आवेदन करने के लिए ओ.टी.आर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) और फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है। आवेदन की पात्रता व संबंधित अन्य जानकारी/ शर्तें नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेजों को स्कैन कर अपलोड करें जो कि स्पष्ट और पठनीय हो। ऑनलाइन आवेदन करने संबंधी अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये जबलपुर मुख्यालय के दूरभाष क्रमांक 0761-4039511, 4039510 या e-mail ID -wc.jabalpur@rediffmail.com. wcjab@mp.gov.in तथा कल्याण प्रशासक कार्यालय, इन्दौर के दूरभाष क्रमांक- 0731-2703530 व e-mail-ID waind@mp.gov.in पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है। मध्यप्रदेश परिक्षेत्र में संचालित अपने नजदीकी औषधालयों एवं केन्द्रीय चिकित्सालय सागर में व्यक्तिगत रूप से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।शिक्षण संस्थान द्वारा सत्यापित नहीं किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। सभी विद्यार्थियों से अनुरोध है कि आवेदन के पश्चात् अपने विद्यालय/महाविद्यालय में संपर्क स्थापित कर अपने आवेदन को स्कॉलरशिप पोर्टल (https://scholarships.gov.in) के माध्यम से ही सत्यापित करवाना सुनिश्चित करें।

# विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में शुरू होने जा रहा है कंप्यूटर साइंस एंड बिजनेस सिस्टम्स (सी एस बी एस) का पाठ्यक्रम

## बी.टेक डेयरी टेक्नोलॉजी कोर्स की सफलता के बाद, विश्वविद्यालय में प्रारंभ हो रहा है यह दूसरा महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम




**उज्जैन,**विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन ने एक ओर उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में शुरू हुए बी.टेक डेयरी टेक्नोलॉजी कोर्स की सफलता के बाद, विश्वविद्यालय में अब सी.एस.बी.एस. (कंप्यूटर साइंस एंड बिजनेस सिस्टम्स) महत्वपूर्ण कोर्स प्रारंभ हो रहा है ।विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो अर्पण भारद्वाज ने सी एस बी एस पाठ्यक्रम प्रारंभ करवाने की पहल करने के बाद कोर्स की शुरुआत के लिए विश्वविद्यालय और टी.सी.एस. (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर होने जा रहा है। टी.सी.एस. ग्लोबल हेड (एकेडेमिक्स) के. सुचेंद्रन 20 अगस्त को विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे,यह साझेदारी छात्रों को उद्योग की वास्तविक ज़रूरतों के अनुसार प्रशिक्षित करने में मदद करेगी।कुलगुरु प्रो अर्पण भारद्वाज का कहना है कि, "मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विक्रम विश्वविद्यालय को ऊँचाईयों पर ले जाने के लिए सतत् प्रयत्नशील हैं और हमारा लक्ष्य भी है कि, छात्रों को सिर्फ़ किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें ऐसा ज्ञान देना है जो सीधे रोज़गार दिला सके। बी.टेक डेयरी टेक्नोलॉजी के बाद, सी.एस.बी.एस. कोर्स इसी दिशा में हमारा दूसरा बड़ा कदम है। यह कोर्स सूचना प्रौद्योगिकी और व्यापार प्रबंधन के ज्ञान को एक साथ मिलाकर छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करेगा।"भविष्य की ओर बढ़ता कदमये दोनों नए कोर्स, विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान को परिलक्षित कर रहे हैं क्योंकि जहां बी.टेक डेयरी टेक्नोलॉजी का कोर्स मध्यप्रदेश को "डेयरी कैपिटल" बनाने के सपने को साकार करेगा, वहीं सी.एस.बी.एस. कोर्स छात्रों को तकनीकी और व्यापारिक कौशल दोनों में पारंगत बनाकर उन्हें आधुनिक बाज़ार की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगा।विश्वविद्यालय की इस महत्वपूर्ण पहल में कार्यपरिषद सदस्यों का पूरा सहयोग मिला। कार्यपरिषद के सदस्य श्री राजेश सिंह कुशवाह,श्री रूप पमनानी,श्री वरुण गुप्ता, डॉ. संजय वर्मा, श्रीमती मंजूषा मिमरोट, डॉ. कुसुमलता निंगवाल और कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने इस दूरदर्शी निर्णय का स्वागत किया और बताया यह न सिर्फ़ छात्रों के लिए बल्कि पूरे उज्जैन और आसपास के क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

# जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों के लिए हैल्पलाइन 181 और 1098 बनी संबल



**नीमच।** जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों के लिए प्रदेश में चलाई जा रही हैल्पलाइन 181 और 1098 संबल बन गई है। महिला एवं बाल विकास सचिव श्रीमती जी.व्ही. रश्मि ने सोमवार को विभागीय नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर हैल्पलाइन नम्बर 181 (महिला हैल्पलाइन) और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉल प्रबंधन, शिकायत पंजीकरण एवं उनके निराकरण की प्रक्रिया का विस्तृत अवलोकन किया। सचिव श्रीमति रश्मि ने कॉल रिस्पॉन्स, डेटा प्रबंधन प्रणाली तथा आपात स्थितियों में विभिन्न विभागों के साथ समन्वय की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने नियंत्रण कक्ष में कार्यरत कर्मचारियों से चर्चा कर उनकी चुनौतियों की जानकारी भी प्राप्त की। श्रीमती रश्मि ने कहा कि हैल्पलाइन का उद्देश्य केवल शिकायत दर्ज करना नहीं है, बल्कि प्रत्येक पीड़ित महिला और बच्चे को सुरक्षा, सहयोग और न्याय दिलाना है। दोनों हेल्पलाइनें पूरी निष्ठा और सेवा-भाव से कार्य करते हुए समय पर सहायता सुनिश्चित कर रही हैं। उन्होंने 181 और 1098 टीम की प्रतिबद्धता को सराहते हुए भविष्य में कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर संयुक्त संचालक डॉ. प्रज्ञा अवस्थी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## घर में बहन-बेटियों के साथ आती है हर सिद्धि, बहनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**नीमच** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी संस्कृति में रक्षाबंधन का विशेष महत्व है। जब तक घर में बेटा न आए सिद्धि नहीं होती, लेकिन घर में जब तक बेटी न जाए हर सिद्धि अर्थात पूर्णता प्राप्त नहीं हो सकती है। रक्षाबंधन त्यौहारों का राजा है। बहनों के आशीर्वाद से जीवन सफल हो जाता है। बहनों के कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को भोपाल के चांदबड़ क्षेत्र के वार्ड 37 में आयोजित विशाल रक्षाबंधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाभारत काल में भगवान श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का सिर धड़ से अलग किया तब भगवान श्रीकृष्ण की उंगली में चोट लग गई थी। इस पर द्रौपदी ने साड़ी का पल्लू फाड़कर भगवान श्रीकृष्ण की अंगुली पर बांधा था। यह राखी का प्रतीक था। इसके बाद से रक्षाबंधन की परम्परा प्रारंभ हो गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब परिवारों को आवास, गैस चूल्हा और अन्य सुविधाएं देने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बहनों को लोकसभा और राज्यसभा में अधिक प्रतिनिधित्व देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे किसानों और जवानों की क्षमताओं पर भरोसा करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया का सबसे सक्षम देश बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज कतिपय लोग चुनाव आयोग और सेना का भी सम्मान नहीं करते। रक्षाबंधन कार्यक्रम के पूर्व चांदबड़ क्षेत्र में हुए रोड शो में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का नागरिकों ने पुष्पहारों से और गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बहनों ने रक्षासूत्र बांधे। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि नरेला क्षेत्र में 16 साल से भव्य रक्षाबंधन महोत्सव मनाया जा रहा है। पिछले साल डेढ़ लाख बहनों ने महोत्सव में राखियां बांधी थीं। भाई-बहन का रिश्ता अटूट होता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश भी विकास के पथ पर अग्रसर है।

## ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना का अनुमोदन

**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना का अनुमोदन किया गया। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा के एक ऐसे ग्राम का चयन किया जाएगा जिसकी वर्तमान जनसंख्या न्यूनतम 2000 हो एवं गौ-वंश की न्यूनतम संख्या 500 हो। ऐसे ग्रामों को मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम के रूप में विकसित कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। ये ग्राम आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के अन्य ग्रामों के समक्ष विकास का आदर्श प्रस्तुत करेंगे। इस योजना के अंतर्गत गौ-पालन एवं डेयरी विकास, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, चारागाह विकास, अधोसंरचना विकास, स्वरोजगार सहित ग्रामीण विकास के विषयगत दृष्टिकोणों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किये जाने का निर्णय लिया गया। राज्य शासन की अवधारणा है कि प्रदेश में कुछ ग्राम इस प्रकार विकसित किये जायें ताकि वे आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के समस्त ग्रामों के लिए उदाहरण बनें तथा अन्य ग्राम इन चयनित ग्रामों से प्रेरित होकर स्वयं भी आत्मनिर्भरता और चहुँमुखी विकास की ओर अग्रसर हों। इन चयनित ग्रामों में विभिन्न विभागों के अन्य विकास कार्यों के साथ मुख्य रूप से गौवंशीय एवं अन्य दुधारू पशुओं के पालन, दुग्ध-उत्पादन एवं डेयरी विकास पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। जहां स्वच्छता एवं हरियाली के साथ-साथ गौसेवा और आध्यात्मिकता से समन्वित आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रत्यक्षतः दृष्टिगोचर हो और ग्राम "वृन्दावन" के रूप में साकार हो सके। मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना के उद्देश्यों में गौपालन एवं डेयरी विकास को बढ़ावा देना। ग्राम को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के साथ सहकारिता के माध्यम से दुग्ध व्यवसाय का प्रसार करना, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके। पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण तथा सौर ऊर्जा संबंधी गतिविधियों को जनभागीदारी से क्रियान्वित करना, चारागाह विकास, ग्राम में अधोसंरचना विकास, ग्रामीण परिवारों का रोजगार/स्वरोजगार आधारित आर्थिक सुदृढ़ीकरण और ग्रामीण विकास के विषयगत दृष्टिकोणों को अपनाते हुए सतत् विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करना है।

## शासन द्वारा बच्चों को स्कूल में पढ़ाई के लिए बुनियादी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है-मंत्री डॉ शाह स्वतंत्रता दिवस पर मंत्री शाह ने बच्चों के साथ किया भोजन

रतलाम स्वतंत्रता दिवस पर शासकीय आदर्श माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 डोसीगांव में आयोजित मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में जनजातीय कार्य ,लोक परिसंपत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग मंत्री मध्य प्रदेश शासन डॉ. कुंवर विजय शाह ने स्कूली बच्चों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय, जनप्रतिनिधि विप्लव जैन, कलेक्टर श्री राजेश बाथम पुलिस, पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव,सीईओ जिला पंचायत श्री श्रृंगार श्रीवास्तव, एसडीएम आर्ची हरित सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।इस अवसर पर मंत्री डॉ शाह ने बच्चों से शिक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। भोजन कैसा मिलता है, यूनिफॉर्म एवं स्कूल की पढ़ाई के बारे में पूछा। बच्चों की संतुष्टि पर खुशी जाहिर करते हुए मंत्री श्री शाह ने कहा कि मुझे खुशी है कि बच्चों को पढाई के लिए स्कूल में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं । बच्चे शासन की योजनाओं से खुश हैं । बच्चों आप भाग्यशाली हो कि आपके समय में जन कल्याणकारी सरकार द्वारा पढ़ाई के लिए अच्छे शिक्षक, मध्याह्न भोजन, यूनिफार्म, छात्रवृत्ति ,साईकिल, पाठ्य पुस्तक, इत्यादि निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है ।

## रेडक्रास चुनाव को लेकर आक्रोश,नाहीं ही अधिसूचना जारी हुई और ना ही अधिकृत सदस्यों की सूची का प्रकाशन,ऐसे में कैसे पारदर्शिता से होंगे चुनाव, सदस्यों ने लगाये आरोप

**नीमच।** रेडक्रास चुनाव को लेकर सदस्यों ने आक्रोश जताया है। इस संबंध में रेडक्रास के आजीवन सदस्य नपा में पार्षद प्रतिनिधि मुकेश पोरवाल व पार्षद हरगोविन्द दीवान ने कहा कि रेडक्रास मे एक दशक से अधिक समय बाद चुनाव हो रहे है ऐसे में कितने सदस्य ऐसे है जो अधिकृत है उनकी अपडेट सूची का प्रकाशन भी नहीं किया गया ना ही चुनाव के संबंध में आजीवन सदस्यों को कोई सूचना दी गई। सिर्फ समाचार पत्रों में ही जानकारी देने से हर किसी के पास जानकारी नहीं पहुंच पायेगी। रेडक्रास बडी संस्था है इसके चुनाव की जानकारी सभी को होना चाहिये। चुनाव के संबंध में केई अधिसूचना करना चाहिये और इसके लिये नियम जारी किये जाये कि कौन चुनाव लड सकता है और इसके नियम क्या होंगे। ऐसे में कोई चुनाव लडने का इच्छुक हो तो वो अपनी तैयारी कैसे करेगा। यदि कोई चुनाव लडने पहुचा और उसे अयोग्य कर दिया तो यह भी सही नहीं है ऐसे में चुनाव को लेकर नियम कायदे और अधिसूचना जारी करना चाहिये। और इसके लिये समय देना चाहिये। रेडक्रास पीड़ित मानवता की सेवार्थ संस्था है इसकी कई ईकाई है उसका संचालन भी रेडक्रास चेयरमेन के अधीनस्थ ही होता आया है । पूर्व में रेडक्रास चेयरमेन का कार्यकाल पूरा होने के बाद से प्रशासन के हाथो में रेडक्रास का संचालन है। जिला प्रशासन को चाहिये कि रेडक्रास जैसी पीड़ित मानवता की सेवार्थ संस्था में ऐसे व्यक्ति को चेयरमेन बनने का मौका मिले जो वास्तव में पीड़ित मानवता की सेवार्थ लगा हो। उसके लिये रेडक्रास के आजीवन मेम्बर की अधिकृत सूची जो अपडेट हो वो सभी के लिये सार्वजनिक करना चाहिये। और चुनाव लड़ने के लिये नियम कायदे भी सामने आना चाहिये। जिससे जो भी चुनाव लडे वो सर्वसम्मति से बने यह नहीं कि गिने चुने लोगो के चुने जाने से ही बने।

## नई अफीम नीति वर्ष 2025 26 को लेकर दिल्ली में केंद्रीय मंत्री और क्षेत्रिय सांसद की उच्च अधिकारियों के बैठक, नई अफीम नीति को लेकर सांसद सुधीर गुप्ता ने कई अहम सुझाव रखें




**मंदसौर।** नई अफीम नीति 2025-26 को लेकर बुधवार को नई दिल्ली में बैठक संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता ने किसान हितों को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव रखें । उन्होंने बताया कि मोदी सरकार किसानों के हित में सदैव खड़ी है और उन्होंने नई लाइसेंस जारी करने की समय सीमा और जो लाइसेंस पूर्व में तकनीकी प्रक्रियाओं के कारण निरस्त हुए उन्हें पुनः बहाल करने जैसी बात को रखा । साथ ही सांसद गुप्ता ने आने वाले माह की 10 तारीख तक पट्टो की भी बात मंत्रालय और उच्च अधिकारियों के समक्ष रखी। सांसद गुप्ता ने कहा कि अफीम किसान हमारी अर्थव्यवस्था और परंपरा का अहम हिस्सा हैं। इसलिए अफीम नीति को भी इसी भावना से किसानों के हित में और अधिक पारदर्शी व व्यावहारिक बनाने की दिशा में लगातार काम हो रहा है। अफीम नीति को सितम्बर माह की दिनांक 10 तक ही घोषित किया जाये जिससे की किसानों को खेत तैयार करने का पर्याप्त समय मिल पाये तथा इसके साथ लाईसेंस के लिये पात्र सभी किसानों के नाम अफीम नीति घोषित होते ही ऑनलाईन प्रदर्शीत हो जाने चाहिये तथा लाईसेंस भी किसान के पास ऑनलाईन ही पंहुच जाना चाहिये। अफीम की खेती से जुड़े सभी प्रकार के कार्यों में कोई गड़बड़ी या अनियमितताऐं नही हो इसके लिये प्रभावी मोनिटरिंग करनी चाहिये गड़बड़ी करने वाले अधिकारीयों के खिलाफ कठोर कार्यवाई की जानी चाहिये। विभिन्न प्रकार से होल्ड किये गये लाईसेंस को 0 प्रतिशत पर बहाल किया जाये। 8/29 में आवश्यक संशोधन किया जाये, जिससे इसका दुरुपयोग ना हो पाऐं। उन्होने कहा कि ऐसे किसान जो पूर्व के वर्षो में लाइसेंस हेतु पात्र थे किन्तु किसी कारण से लाइसेंस प्राप्त करने से वंचित रह गए थे उन्हें वर्ष 2025-26 में लाइसेंस प्रकिया में शामिल किया जावे। मृतक नामांतरण प्रकिया को और अधिक सुगम करने की आवश्यकता है। अफीम लाइसेंस वितरण एवं तौल प्रकिया की तारीख को 15 दिवस पूर्व ही ऑनलाइन कर दिया जावे जिससे किसान घर से ऑनलाइन तारीख देख सके जिससे अनियमितताओं पर अंकुश लगाया जा सके। सभी किसानों को समान रूप से 10 आरी के लाइसेंस जारी किया जावे। वर्तमान समय में जब कृषको को लाइसेंस मार्फीन के आधार पर दिए जा रहे है तो ऐसी स्थिति में कच्चे तोल की अनिवार्यत निरर्थक है। सीपीएस पद्धति अन्तर्गत फसल तैयार होने के पश्चात किसान स्वयं डोडा तोड़कर मुखिया को वजन नोट करा देवे जिससे किसान व विभाग के अधिकारीयों का समय बचेगा और अनावश्यक परेशानियों से बचा जायेगा। ऐसे सभी किसान जो एनडीपीएस प्रकरण मे दोष मुक्त हो गये उन किसाने भाइयों को भी लाइसेंस प्रकिया मे जोडा जाए। वर्ष 1998-99 में किसान भाइयों को नवीन लाइसेंस प्राप्त हुए थे परंतु उक्त वर्ष 1999 में प्राकृतिक आपदा के कारण फसल उत्पादन सही नहीं हो पाया था जिससे अधिकतर किसानों के लाइसेंस रुक गए थे ऐसे सभी किसानों को आगामी अफीम नीति में शामिल किया जावे। सांसद गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नही आने दी जाएगी। साथ ही अफीम नीति भी किसानों के हितमें ही होगी।

# विरासतों को सहेजने हम हैं प्रतिबद्ध, महलपुर पाठा मंदिर को बनायेंगे भव्यतम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## भगवान श्रीकृष्ण ने सिर पर मोर मुकुट धारण कर दिया ग्रामीण संस्कृति को सर्वोपरि रखने का संदेश मेट्रोपोटिलन सिटी बनने पर रायसेन जिले के युवाओं को भी मिलेंगे रोजगार के अवसर संतों के आशीर्वाद से ही फल-फूल रही है हमारी संस्कृति महलपुर पाठा मंदिर में लगेगा विशाल मेला सांची विधानसभा में 136 करोड़ रुपए से कई विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महलपुर पाठा में श्रीकृष्ण पर्व कार्यक्रम में हुए शामिल



**भोपाल** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विरासत से विकास हमारा मूल मंत्र है। हम अपने तंत्र को भी इसी मंशा के अनुरूप तैयार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपनी समृद्धशाली संस्कृति और विरासतों को बेहतर तरीके से सहेजकर उन्हें संवारने के हमारे प्रयास हमेशा जारी रहेंगे। महलपुर पाठा के अतिप्राचीन श्रीराधा कृष्ण मंदिर का सभी संभव तरीके से जीर्णोद्धार और परिसर का विकास कर इसे भव्यतम स्वरुप प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर रायसेन जिले के गैरतगंज के महलपुर पाठा स्थित मंदिर परिसर में आयोजित श्री कृष्ण पर्व कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार तेजी से विकास कार्यों के लक्ष्य हासिल करते हुए आगे बढ़ रही है। जल्द ही प्रदेश के दो बड़े शहर इंदौर और भोपाल मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित होंगे। राजधानी भोपाल से सटा जिला रायसेन, सांची और विदिशा भी मेट्रोपोलिटन सिटी का हिस्सा बनेगा। यही नहीं राजगढ़ और नर्मदापुरम भी मेट्रोपोलिटन क्षेत्र में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेट्रोपोलिटन सिटी विकसित होने पर रायसेन क्षेत्र के युवाओं को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि रायसेन जिले के विकास के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सांची विधानसभा क्षेत्र को 136 करोड़ रुपए के कई विकास कार्यों की सौगात भी दी। उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर लोक निर्माण विभाग के 15 कार्य सहित जनजातीय ग्रामों तक सड़क निर्माण और अनेक विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं में हितलाभ वितरण किए। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में पौद्यरोपण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। गौमाता का पूजन कर पशुआहार खिलाया।

### जीर्णोद्धार से महलपुर पाठा के मंदिर को मिलेगा भव्य स्वरूप

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने 20 साल पहले महलपुर पाठा गांव में एक रात गुजारी थी। रायसेन शहर का अतीत बेहद गौरवशाली रहा है, जिले को प्राकृतिक सौंदर्य का वरदान मिला हुआ है। महलपुर पाठा स्थित भगवान श्रीकृष्ण के इस मंदिर में राधा और रुकमणि एक साथ विराजमान हैं। जो राय सबकी मानी जाए उसे ही रायसेन कहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संतों से ही हमारी संस्कृति फल-फूल रही है। राज्य सरकार ने विरासत को सहेजने के लिए अनेक विकास कार्य शुरू किए हैं। महलपुर पाठा के मंदिर का जीर्णोद्धार कर इसे भव्यतम रूप प्रदान किया जाएगा और आगामी वर्षों में यहां विशाल मेले का आयोजन भी होगा।

### पवित्र गीता से श्रीकृष्ण ने दिया धर्म, कर्म और विज्ञान का ज्ञान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान गोपाल कृष्ण के जीवन में अनेक कठिनाईयां थीं, उन्होंने अपनी लीलाओं से जगत का उद्धार किया। गोपाल कृष्ण ने गौमाता की सेवा के साथ गांवों के विकास का संदेश दिया। हमारा मयूर (मोर) राष्ट्रीय पक्षी अत्यंत पवित्र है। वह वर्षाकाल में नृत्य कर हमारी खुशी में अपनी खुशी देखता है। भगवान श्रीकृष्ण ने मोर मुकुट अपने सिर पर धारण कर ग्रामीण संस्कृति को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया है। उम्र छोटी थी, लेकिन भगवान ने दुराचारी कंस का अंत कर लोकतंत्र की स्थापना का बड़ा काम किया। वे विद्या ग्रहण करने के लिए उज्जैन के सांदीपनि आश्रम आए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योगेश्वर श्रीकृष्ण ने महाभारत के युद्ध के बीच पवित्र गीता के माध्यम से दुनिया को धर्म, कर्म और विज्ञान का ज्ञान दिया। वे ज्ञान में ज्ञानी और दान में दानी थे। मित्र सुदामा के पांव धोकर कठिन समय में मित्र के सम्मान और सहायता का संदेश दिया।

### सांची विधानसभा को मिली अनेक विकास कार्यों की सौगात

इस अवसर पर विधायक सांची डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर गैरतगंज पधारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभिनंदन है। सांची विधानसभा के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है। इनमें गैरतगंज का 50 बेड अस्पताल और देवनगर में 30 बेड अस्पताल और जिला अस्पताल का उन्नयन भी शामिल है। 10 स्वास्थ्य केंद्रों की सौगात भी आज क्षेत्रवासियों को मिल रही है। जनजातीय बहुल गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए 10 सड़कों का भूमि-पूजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नारायण सिंह पंवार, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक श्री सुरेंद्र पटवा, पूर्व मंत्री श्री रामपाल सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा, जिलाध्यक्ष श्री राकेश शर्मा, संत श्री अमृतदास जी महाराज, यादव समाज के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में महलपुर पाठा स्थित राधाकृष्ण मंदिर समिति के सदस्य व स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### महलपुर पाठा के अतिप्राचीन राधाकृष्ण मंदिर का इतिहास

रायसेन जिले के देवनगर के समीप महलपुर पाठा गांव में अतिप्राचीन राधाकृष्ण मंदिर स्थित है। मंदिर में राधा-कृष्ण और देवी रुक्मणि की मूर्ति एक ही श्वेत पत्थर पर बनी हुई है। मंदिर में स्थापित एक शिलालेख से इसके संवत् 1354 अर्थात वर्ष 1297 ईस्वी में निर्मित होने की जानकारी मिलती है। मंदिर में विष्णु यज्ञ भी होता है। मंदिर के पास स्थित किले में 51 बावड़ियां हैं। पास के जंगल से जैन परंपरा के भगवान आदिनाथ की मूर्ति भी मिली थी, जो अब देवनगर में स्थापित है। मंदिर के पास ही शिवलिंग, नंदी, गणेश और नागदेवता सहित नटराज की भी मूर्तियां हैं।

# विश्व मच्छर दिवस पर जिलेभर में जागरूकता गतिविधियाँ होंगी आयोजित

**नीमच**। 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस मनाया जाएगा, जिसके लिए जिला मलेरिया कार्यालय ने विशेष कार्ययोजना तैयार की है। इस अवसर पर जिले के सभी जोनों की स्कूलों में "डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम" विषय पर ड्राइंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा विजेताओं को ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। आज जिला मलेरिया कार्यालय में जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव ने मलेरिया जोन सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रवार मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की स्थिति की समीक्षा की गई। श्रीमती नामदेव ने जानकारी दी कि अब तक जिले में 1,97,075 मलेरिया जांच की जा चुकी हैं, जिनमें 6 पॉजिटिव मामले पाए गए हैं। इसी प्रकार 3,13,571 घरों में लार्वा सर्वे किया गया, जिसमें 23,04,822 कंटेनरों का निरीक्षण किया गया और इनमें से 10,880 कंटेनरों में लार्वा पाया गया। उन्होंने बताया कि जुलाई माह में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग के 56 ट्राइबल छात्रावासों में लार्वा विनष्टिकरण की कार्रवाई की गई तथा छात्रों को भी जागरूक किया गया। साथ ही अब तक जिले के 63 स्कूलों में स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।




# भगवान श्रीकृष्ण ने कर्म और धर्म के पथ पर अडिग रहना सिखाया : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को दी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई

## सदैव पाथेय रहेगी अत्याचारों के विरुद्ध भगवान श्रीकृष्ण की वीरोचित भूमिका



**नीमच**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व की बधाई एवं मंगलकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण हमें जीवन की कठिनाइयों में भी मुस्कुराना सिखाते हैं, जिनको कोई तृष्णा नहीं, उनका नाम ही श्रीकृष्णा है। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन अनेक कष्ट और संघर्षों से भरा रहा, फिर भी वे अपने कर्त्तव्य से विमुख नहीं हुए। उनका जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी है। उन्होंने एक ओर जहां कालिया नाग को काबू में करके उसके फन पर नृत्य कर जीवन के कठिन से कठिन समय में मुस्कुराना सिखाया, वहीं दूसरी ओर कंस जैसे दुराचारी और अत्याचारी को उसके घर में मारकर साहस और वीरता के लिए प्रेरित किया। अत्याचारों के विरूद्ध उनकी वीरोचित भूमिका आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव पाथेय रहेगी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जारी संदेश में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत के भीषण युद्ध के बीच कर्मवाद के सिद्धांत से बताया कि चाहे कैसी भी विकट परिस्थिति हो, हमें बुद्धि और धैर्य का परिचय देते हुए सदैव कर्म और धर्म के सद्मार्ग पर अडिग रहना चाहिए। जीवन के हर पड़ाव में गोपाल श्रीकृष्ण के विविध रूप नजर आते हैं। इनमें गोवर्धनधारी श्रीकृष्ण, श्रीराधा- कृष्ण, विराट रूपधारी श्रीकृष्ण, योगीराज श्रीकृष्ण और द्वारकाधीश श्रीकृष्ण शामिल हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीकृष्ण ललित कलाओं में पारंगत थे। उन्होंने विश्व को कलाओं से परिचित कराया।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सवारी मार्ग पर डमरु और झांझ बजाकर रजत पालकी में विराजित भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर का स्वागत किया

**उज्जैन,** भगवान श्री महाकालेश्वर की इस वर्ष की श्रावण-भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारियों के क्रम में सोमवार,18 अगस्त को सायं 4 बजे परम्परानुसार श्री महाकालेश्वर भगवान की राजसी सवारी धूमधाम से निकाली गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभामंडपम में भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर का पूजन-अर्चन किया। रजत पालकी में विराजित श्री चंद्रमौलेश्वर भगवान अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले तो सम्पूर्ण उज्जयिनी भगवान श्री महाकालेश्वर की जय-जयकार से गुंजायमान हो गई।

# खेत में से ट्रैक्टर निकालने के विवाद को लेकर सरिये से मारपीट करने वाले तीन आरोपीगण को 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास

**मनासा।** श्री रौनक पाटीदार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मनासा द्वारा खेत में से ट्रैक्टर निकालने की बात को लेकर सरिये और लात-घूंसों से दो महिला सहित पाँच व्यक्तियों से मारपीट करते हुवे एक महिला का हाथ तोड़ने वाले तीन आरोपीगण (1) मदनलाल पिता गंगाराम गायरी, उम्र-55 वर्ष, (2) कल्ली पिता गंगाराम गायरी, उम्र-40 वर्ष तथा (3) कालु पिता गंगाराम गायरी, उम्र-38 वर्ष, तीनों-निवासी ग्राम-किरपुरिया, थाना मनासा, जिला नीमच को धारा 325/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 01-01 वर्ष के सश्रम कारावास व 1500-1500 रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अरविंद सिंह थापक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया घटना दिनांक 12 अक्टूबर 2016 को सुबह के लगभग 9 बजे थाना मनासा क्षेत्र में आने वाले ग्राम बड़ा किरपुरिया स्थित आहतगण के खेत की हैं। फरियादी प्रकाश बंजारा ने थाना मनासा में उपस्थित होकर बताया कि घटना दिनांक को वह, उसके पिता जगदीश, माँ रोड़ीबाई, पत्नी सुगनाबाई तथा काका सत्तू उर्फ सत्यनारायण उनके खेत पर काम कर रहे थे तभी आरोपी मदनलाल उनके खेत मे से ट्रेक्टर निकाल कर ले जाने लगा तो उसने मदनलाल को खेत से ट्रैक्टर निकालने से मना किया। इस बात पर मदनलाल ने सरिये से उसके साथ मारपीट की, जब फरियादी के परिवार वाले बीच बचाव करने आये तो मदनलाल और उसके दोनो भाईयों कल्ली व कालु ने सरिये व लात-घूंसो से सभी के साथ मारपीट की, जिससे रोड़ीबाई के हाथ में गंभीर चोट आकर उसका हाथ फ्रैक्चर हो गया था। आहतगण के चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पास के खेत वालों ने आकर बीच-बचाव किया। फरियादी द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई तथा सभी आहतगण का मेडिकल कराया गया एवं आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग-पत्र मनासा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की और से फरियादी व आहतगण सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराये जाकर अपराध को प्रमाणित किया गया और सभी आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया तथा अर्थदण्ड की राशि में से आहत रोड़ीबाई को 3000रूपये तथा शेष आहतगण को 1000-1000रू प्रतिकर प्रदान किये जाने का आदेश भी प्रदान किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ अरविंद सिंह थापक द्वारा की गई।

## नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष बाहेती का महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने किया स्वागत

ब्यूरो रिपोर्ट -भगत मागरिया



**चीताखेड़ा।** हिंदुस्तान में देश की रक्षार्थ में अपना बलिदान देने वाला गांधी परिवार के चिराग आल इंडिया कांग्रेस सर्वोपरि दुनिया के जननायक फ्रीडम फाइटर विपक्ष नेता जनविरोधी भाजपा सरकार की कुनितियों के खिलाफ जनता के हितों के लिए चठान की तरह खड़े राहुल गांधी के निर्देशन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के विश्वास पात्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य तरुण बाहेती को नीमच जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर तरुण बाहेती का मनोनीत किए जाने पर मनासा महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री मोना शर्मा और जीरन महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा मांगरिया ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर नवनिर्वाचित नीमच जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दोनों महिला अध्यक्षों को निर्देशित किया कि अपने ब्लॉक क्षेत्र के गांव गांव में महिलाओं से संगठित होकर रुबरु चर्चा कर संगठन को मजबूत करने हेतु जुट जाएं। हमें प्रत्येक पोलिंग बूथ पर आगामी विधानसभा चुनाव जीतना है। बिना संगठन मजबूती के चुनाव नहीं जीत सकते हैं।

## झाबुआ में चमका इनरव्हील डायमंड, डांस में जीता पहला स्थान

**नीमच।** इनरव्हील क्लब नीमच डायमंड की सदस्याओं ने हाल ही में आयोजित डिस्ट्रिक्ट रैली में शानदार प्रदर्शन कर डिस्ट्रिक्ट में क्लब का नाम रोशन किया। यह रैली झाबुआ शक्ति क्लब के सानिध्य में संपन्न हुई, जिसमें डिस्ट्रिक्ट 304 से 48 क्लबो की इनरव्हील सदस्याओं ने भागीदारी की।डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विभा सिंह के मार्गदर्शन में हुई इस रैली में इनरव्हील डायमंड क्लब की ओर से ग्रुप डांस में अध्यक्ष पूजा गर्ग, कोषाध्यक्ष दिव्या जैन, एडिटर शिवांगी जैन एवं प्रियंका नागदा ने डांस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की अपनी मनमोहक प्रस्तुति से टीम ने सभी का दिल जीतते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।क्लब की इस उपलब्धि पर अध्यक्ष पूजा गर्ग ने कहा कि यह टीमवर्क और आपसी सहयोग का परिणाम है। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्लब भविष्य में भी सेवा और सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।




# आगामी डेढ़ माह में 5.60 लाख मेट्रिक टन यूरिया प्राप्त होने की संभावना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चालू वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में पूंजीगत व्यय में वृद्धि वाले प्रथम तीन राज्यों में मध्यप्रदेश ने अपना स्थान बनाया है। कैग के आंकड़ों के अनुसार देश के 16 राज्यों ने पिछले वर्ष की तुलना में पूंजीगत व्यय में वृद्धि दर्ज की है। गुजरात 65%, उत्तर प्रदेश 42% और मध्यप्रदेश की उपलब्धि 41% है। साल दर साल वृद्धि के साथ मध्यप्रदेश का यह सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की इस उपलब्धि के लिए मंत्रि-परिषद के सभी साथियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में भेंट कर उन्हें प्रदेश में जारी विकास कार्यों से अवगत कराया तथा उन्हें आगामी दिनों में भोपाल मेट्रो ट्रेन के शुभारंभ और विशाल किसान सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के दोनों कार्यक्रमों में शामिल होने की संभावना है।



### फार्मास्युटिकल, इंजीनियरिंग गुड्स और सोया उत्पादों के निर्यात बढ़ने से हुई 6% की वृद्धि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश ने निर्यात में अपनी रैंकिंग में सुधार करते हुए अब तक का सबसे अधिक 66 हजार 218 करोड़ रुपए का निर्यात किया है। निर्यात में 6% की बढ़ोतरी हुई है, जो फार्मास्युटिकल, इंजीनियरिंग गुड्स और सोया उत्पादों में निर्यात बढ़ने के फलस्वरुप हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर निर्यात में मध्य प्रदेश की रैंकिंग 15 से 11 हो गई है।

### विकसित भारत रोजगार योजना से प्रदेश की औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मंत्रि-परिषद ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना लागू करने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसमें निजी क्षेत्र में नौकरी पाने वाले युवाओं को 15 हजार रूपए सरकार की ओर से दिए जाएंगे। देश में 3 करोड़ 50 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस योजना से राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हर्ष का विषय है कि इस दीपावली पर देश को बड़ा तोहफा मिलने वाला है। नई जनरेशन के लिए जीएसटी रिफॉर्म लागू किए जाएंगे। इससे दैनिक उपयोग की चीजें सस्ती होंगी और टैक्स में भी कमी आएगी।

### स्वतंत्रता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रमों में हुए नवाचार को मंत्रि-परिषद ने सराहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम पर किए गए नवाचार के संबंध में मंत्री साथियों से फीडबेक प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सभी जिलों में एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। साथ ही सभी जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में संबंधित जिले में विगत डेढ़-पौने दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं की प्रगति से जिले वालों को अवगत कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी जिलों की विकास गतिविधियों और योजनाओं की प्रगति पर सभी जिलों में पुस्तकें प्रकाशित की जाएं और उनका विधिवत उत्सव आयोजन कर विमोचन किया जाए।

### आगामी डेढ़ माह में 5.60 लाख मेट्रिक टन यूरिया प्राप्त होने की संभावना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि यूरिया का कुल भंडारण 15.60 लाख मेट्रिक टन है, जिसमें से 13.92 लाख मेट्रिक टन किसानों को वितरित किया गया है और 1.68 लाख मेट्रिक टन यूरिया शेष है। प्रदेश में मक्का का क्षेत्रफल लगभग 5 लाख हेक्टेयर बढ़ जाने के कारण यूरिया की मांग बढ़ी है। आगामी डेढ़ माह में 5.60 लाख मेट्रिक टन यूरिया प्राप्त होने की संभावना है।

### अलग-अलग थीम पर निकली श्रीमहाकाल की सवारियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष भगवान श्री महाकाल की सवारियों में नवाचार करते हुए प्रत्येक सवारी एक अलग थीम पर निकाली गई। पहली सवारी जहां वैदिक उद्घोष के साथ निकली वहीं बाद की सवारियां लोक, संस्कृति, पर्यटन आदि पर केन्द्रित रही। सवारियों में प्रदेश के जनजातीय अंचलों के कलाकारों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। राजसी सवारी के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई, जिसमें सम्पूर्ण नगर से जनभागीदारी के माध्यम से पुष्प एकत्रित किए गए।

### स्वदेशी को प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान वैश्विक संदर्भ में देश को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिये प्रधानमंत्री श्री मोदी की दृढ़ता हम सबके लिये प्रेरणा स्त्रोत है। प्रदेश के रायसेन जिले के उमरिया गांव में गत दिनों बीईएमएल आधुनिक रेल कोच कारखाने का शिलान्यास प्रदेश के लिये एक बड़ी सौगात है और स्वदेशी अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# देश में पंचायती राज, संचार क्रांति राजीव गांधी जी की देन-बाहेती

## जीरन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती

ब्यूरो रिपोर्ट- दुर्गाशंकर लाला भट्ट



**जीरन**। देश में कंप्यूटर युग एवं संचार क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी हैं । राजीव जी ने देश के युवाओं को 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार करने का अधिकार दिया। युवाओं को आगे लाने में तथा देश को नई दिशा देने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी के कार्य अविस्मरणीय है। उक्त विचार जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने जीरन ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आयोजित राजीव गांधी जी की जन्म जयंती आयोजन में व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष बाहेती ने कहा की भारत को 21 वीं सदी में ले जाने का काम राजीव जी ने किया। राजीव गाँधी जी ने पंचायती राज का विकेंद्रीकरण कर महिलाओं को पंचायती राज में 30% आरक्षण दिया। राजीव गाँधी जी को देश को 21वीं सदी में पहुंचाने के लिए सदैव याद किया जाएगा। इस अवसर पर बाहेती ने नीमच जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए भी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। बुधवार को जीरन के नीम चौक में जीरन ब्लॉक कांग्रेस द्वारा राजीव गांधी की जन्म जयंती मनाई गई जिसमें बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्त्ता मौजूद रहें।। सर्वप्रथम जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत करी। राजीव गाँधी के जीवन पर प्रकाश ड़ालते हुए जीरन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनोद दक ने कहा की राजीव जी के प्रयासों से संचार क्रांति के माध्यम से देश में मोबाइल क्रांति तकनीकी शिक्षा का विस्तार हुआ। राजीव जी ने देश के नौजवानों को आगे बढ़ाने का काम किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष रामकरण संगवारिया पूर्व सरपंच मोहनसिंह जाट, पूर्व सरपंच मोहनसिंह तोमर, जिला इंटक उपाध्यक्ष श्यामसुंदर मेरावत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में आभार मंडलम अध्यक्ष राकेश मेंरावत ने माना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जीरन ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सर्दी-जुकाम पर बोतल चढ़ाई, 15 साल के लड़के की मौत

## झोलाछाप डॉक्टर फरार, परिजनों ने की कार्रवाई की मांग

ब्यूरो रिपोर्ट-निखिल सोनी

**पिपलिया मंडी**। मंदसौर जिले के पिपलिया मंडी में एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से 15 साल के लड़के की मौत हो गई। सोमवार-मंगलवार की रात को सर्दी-जुकाम के लिए अजय के परिजन पड़ोसी डॉक्टर सोनू राठौर को घर बुलाकर लाए थे। डॉक्टर ने अजय को बोतल चढ़ाई। बोतल आधी ही खत्म हुई थी कि उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। इसके बाद परिजन तुरंत उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने अजय को मृत घोषित कर दिया।

### मौत के बाद डॉक्टर फरार :

अजय की मौत की जानकारी मिलते ही डॉक्टर सोनू मौके से फरार हो गया। परिजन हरिओम प्रजापति ने आरोप लगाया कि बोतल से रिएक्शन हुआ, जिसके चलते अजय की हालत बिगड़ी और उसकी जान चली गई। मंगलवार को डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। पिपलिया मंडी टीआई शिवांशु मालवीय ने बताया कि, अजय की इलाज के दौरान मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर सोनू राठौर को राउंडअप कर लिया है। सोनू राठौर मंदसौर जिले के रिछा गांव में श्री सांवलिया हेल्थ केयर सेंटर नाम से क्लिनिक चलाता है।

# पोरवाल महिला मंडल पिपलियामंडी द्वारा दो-दिवसीय प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान समारोह संपन्न



ब्यूरो रिपोर्ट- निखिल सोनी

**पिपलिया मंडी**। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पोरवाल महिला मंडल पिपलिया मंडी द्वारा दो दिवसीय प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान समारोह पोरवाल धर्मशाला पिपलिया मंडी में समाजजनों की गरिमा में उपस्थिति में संपन्न हुआ। 17 अगस्त को पोरवाल महिला मंडल पिपलियामंडी द्वारा जन्माष्टमी महोत्सव के आयोजन पर नारियल सजावट प्रतियोगिता महिला एवं बालिका ने उत्साह पूर्वक भाग लिया भगवान श्री राधा कृष्ण की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई सभी का मन मोह लिया। उससे समाज की महिलाओं द्वारा छप्पन भोग का भवय आयोजन किया गया भगवान को भोग लगाया गया कृष्ण जन्म उत्सव एवं संस्कृति धार्मिक कार्यक्रम में वातावरण को भक्ति में बना दिया । 18 अगस्त को कृष्ण जन्म उत्सव एवं संस्कृति कार्यक्रम धार्मिक कार्यक्रमों में वातावरण भक्ति में बना दिया सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ समाज के मेघावी विद्यार्थियों का सम्मानित किया गया इस अवसर पर कक्षा दसवीं 12वीं में 90% से अधिक अंक लाने वाले छात्राओं को पुरस्कार अतिथियों द्वारा दिया गया। पोरवाल महिला मंडल पिपलिया मंडी द्वारा एक नई शुरुआत की गई "एक शाम भारत माता के नाम" में महिलाओं द्वारा देशभक्ति के गीतों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई, जबकि सब जिसकी सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उदिया राष्ट्रीय महामंत्री मांगीलाल सेठिया युवा संगठन संरक्षक गोविंद डबकरा कैलाश फरक्या सोनालिका टैक्टर कैलाश धनोतिया अखिल भारतीय पोरवाल महिला महासभा अध्यक्ष सुनीता मुजावदिया महामंत्री गायत्री डबकरा गरोठ कोषाध्यक्ष ललीता गुप्ता सभापति नगर पालिका परिषद मंदसौर शान्ति फरक्या मन्दसौर सभी अतिथियों में समाज की एकता पर प्रकाश डाला। अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल ने अपने ओजस्वी उत्पादन में सभी छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उपस्थित धर्मशाला में सभी महानुभावों से अनुरोध किया कि 3 अगस्त 2025 को अखिल भारतीय पोरवाल महासभा द्वारा लिए गए निर्णय को हम सबको पालन करना है अंतर जाति विवाह का हम सबको विरोध करना है। पोरवाल महिला मंडल द्वारा किए गए भव्य आयोजन की सभी अतिथियों द्वारा बधाइयां शुभकामनाएं प्रेषित कि गयी। संपूर्ण आयोजन में पोरवाल महिला मंडल पिपलिया मंडी की अध्यक्ष श्रीमती किरण पर क्या उपाध्यक्ष रीना गुप्ता श्रीमती शशि मोदी श्रीमती ममता धनोतिया श्रीमती मनीषा धनोतिया श्रीमद् चंद गुप्ता का विशेष योगदान रहा। अध्यक्ष श्रीमती ने सभी अतिथि समाज परिजनों का आभार व्यक्त किया सफल कार्यक्रम का संचालन मुकेश पोरवाल पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन द्वारा किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती एवं राज्य टोटल मंत्री के चित्र माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तब पक्ष छात्राओं को पुरस्कार वितरण किए गए कार्यक्रम का सफल संचालन मुकेश पोरवाल निडर ने किया आभार परिवार महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती पोरवालने व्यक्त किया।

# समंदर पटेल मित्र मंडल जावद विधानसभा में बड़ी गर्मजोशी से करेगा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती का स्वागत

## बड़ी संख्या में कांग्रेसजन होंगे एकजुट



**जावद**। जावद विधानसभा में जमीन स्तर से जुड़े हुए विधानसभा क्षेत्र के सबसे लोकप्रिय कांग्रेस नेता समंदर पटेल के समर्थकों कांग्रेस जनो ओर समंदर पटेल मित्र मंडल द्वारा दिनांक 21 अगस्त को जावद विधानसभा क्षेत्र में बड़ी ही गर्मजोशी से विभिन्न जगहों पर कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती का स्वागत किया जाएगा। समंदर पटेल ने बताया कि तरुण बाहेती अपने नाम के अनुरूप युवा सोच का उदाहरण है जो जिले के समस्त कांग्रेसजनो को एक साथ लेकर चलने का हुनर रखते है। बाहेती ओर पटेल एकसाथ होकर क्षेत्र में सोए हुए कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ताओ को एकजुट करते हुए उनमे जान फूंकने का काम करेंगे। श्री बाहेती का स्वागत सर्वप्रथम प्रातः 11 बजे सिंगोली गांधी भवन में होगा इसके पश्चात 01:00 बजे रतनगढ़ ओर दोपहर लगभग 2:30 बजे डीकेन इंडियन पेट्रोल पंप के पास किया जाएगा। इसके पश्चात शाम लगभग 4:30 बजे तक रावला कुआं बालाजी मंदिर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समंदर पटेल मित्र मंडल द्वारा स्वागत अभिनंदन का आयोजन किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेंटी सिंगोली, ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी रतनगढ़, नगर कांग्रेस कमेटी डीकेन एवं ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी जावद ने क्षेत्र में समस्त ऊर्जावान कार्यकर्ताओ को विधान सभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में उपस्थित होने का निमंत्रण दिया है।

# ग्राम मुल्तानपुरा को 4 सेक्टर में बांटकर 2 दिन में सर्वे पूर्ण करें : सीईओ जिला पंचायत जैन



**मंदसौर** ग्राम मुल्तानपुरा के प्रत्येक परिवार की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोपरि मानते हुए कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन के नेतृत्व में स्वास्थ्य, शिक्षा, जल निगम, पीएचई, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों की टीम ने ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत द्वारा सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि गांव को 4 सेक्टर में विभाजित कर आगामी 2 दिनों में घर-घर सर्वे पूरा किया जाए। आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग की टीम मिलकर प्रत्येक परिवार तक पहुंचें, उन्हें जीबीएस (GBS) के बारे में जानकारी दें और बचाव के उपाय सरल भाषा में समझाएं। लोगों के बीच डर या भ्रांति न फैले, बल्कि विश्वास और जागरूकता का वातावरण बने इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखें। ग्राम सरपंच और सचिव के माध्यम से भी एक स्थानीय टीम गठित की जाएगी, ताकि हर घर तक सही जानकारी पहुंचे। जल जीवन मिशन की टीमें भी जागरूकता फैलाने घर-घर पहुंचेंगी और साफ-सफाई एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व को समझाएंगी। गांव में 2 दिनों का विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नगर पालिका और मनरेगा का पूरा सहयोग लिया जाएगा। पीएचई विभाग पानी के स्त्रोतों की जांच करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि गांव के लोग केवल शुद्ध, उबला और सुरक्षित पानी का ही उपयोग करें। क्लोरीन की गोलियों के सही उपयोग पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। गांव के स्कूलों में बच्चों को जीबीएस के लक्षण और बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी ताकि वे स्वयं भी सुरक्षित रहें और अपने परिवारों को जागरूक करें। सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन ने भ्रमण के दौरान कहा कि, गांव का हर परिवार हमारा अपना परिवार है। किसी भी हाल में हम उन्हें अकेला महसूस नहीं होने देंगे। प्रशासन हर कदम पर उनके साथ है। जागरूकता और सतर्कता से ही हम इस चुनौती का सामना कर पाएंगे।

# जैविक खेती को मिलेगा नया आयाम, मंदसौर में स्थापित होंगी जैव उर्वरक उत्पादन इकाइया : सीईओ जैन

**मंदसौर** कृषि विज्ञान केंद्र मंदसौर में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अनुकूल जैन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिले में जैव उर्वरक उत्पादन इकाइयों की स्थापना तथा जैविक खेती कर रहे किसानों के स्थानीय स्तर पर प्रमाणीकरण को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मंदसौर जिले के किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) ने भाग लिया तथा जिले में उपयोग होने वाले विभिन्न जैव उर्वरकों के प्रकार एवं उनकी आवश्यकताओं पर चर्चा की। बैठक में 6 एफपीओ ने जैव उर्वरक उत्पादन इकाइयों की स्थापना हेतु सहमति दी, जिसके माध्यम से राइजोबियम, एजोक्टोबैक्टर, पी.एस.बी. एवं ट्राइकोडर्मा का उत्पादन कर कृषकों को उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जैन ने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा एफपीओ को पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। वहीं, जिला प्रबंधक नाबार्ड श्री योगेश सैनी ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के माध्यम से इन इकाइयों की स्थापना संबंधी जानकारी दी। बैठक का दूसरा प्रमुख एजेंडा किसानों के स्थानीय स्तर पर जैविक प्रमाणीकरण से संबंधित था। सीईओ श्री जैन ने कृषि, उद्यानिकी एवं बीज प्रमाणीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले एवं विकासखण्ड स्तर पर समिति गठित कर किसानों के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें,










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिंटिंग प्रेस स्कीम नम्बर 36 ए कलेक्टर कार्यालय के सामने मुद्रित एवं कास्मो स्कूल के पास इन्दिरा नगर नीमच से प्रकाशित - सम्पर्क 9893796737 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र नीमच रहेगा ।)